बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 के डमी प्रवेश–पत्र निर्गमन संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 221/2026 एवं पी०आर० 245/2026 के आलोक में विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 के ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने वाले आवेदकों का डमी प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट **https://sletregistration.cbrt.co.in** पर **दिनांक 02.11.2026 के अपराह्न से दिनांक 05.11.2026 तक** उपलब्ध रहेगा। संबंधित आवेदक उक्त अवधि में अपना डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

2. डमी प्रवेश पत्र के मुद्रित विवरण में अगर किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित हो तो संबंधित आवेदक समिति के उक्त वेबसाईट पर अपने यूजर आई॰डी॰ एवं पासवर्ड का उपयोग कर निर्धारित तिथि तक डमी प्रवेश पत्र में दृष्टिगत त्रुटिपूर्ण विवरण का ऑनलाईन सुधार कर सकते हैं।

3. अभ्यर्थियों द्वारा यदि आरक्षित – श्रेणी के विवरण में संशोधन किया जाता है तो संशोधित श्रेणी के लिए निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि (अगर देय हो तो) ऑनलाईन माध्यम से **दिनांक 05.11.2026 तक** जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा श्रेणी में सुधार संबंधित दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि सुधार संबंधित दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 258/2026

परीक्षा नियंत्रक (विविध)